ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द, प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

महाराष्ट्र इलेवन ने झारखण्ड इलेवन व ए.एस.सी.बी. जालंधर ने विजय ग्रुप चण्डीगढ़ को हराया

नवभारत न्यूज

84वीं अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरू कराया मैच

ग्वालियर , 4 दिसम्बर । 84वीं अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्णकप हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाराष्ट्र इलेवन ने झारखण्ड इलेवन को हराकर एवं ए.एस.सी.बी. जालंधर ने विजय ग्रुप चण्डीगढ को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। मैच के प्रारंभ में कलेक्टर रूचिका चैहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने दोनो टीमों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

उपायुक्त सह खेल अधिकारी सत्यपाल सिंह चैहान ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच महाराष्ट्र इलेवन एवं झारखण्ड इलेवन के बीच हुआ। मैच एकतरफा रहा मैच में शुरू से महाराष्ट्र इलेवन की टीम ने बढ़त बनाये रखी और 7-1 से जीत दर्ज की। महाराष्ट्र की टीम से अंकित ने तीन, डेविड, विल्सन एवं विरसा ने एक-एक गोल किये। झारखण्ड की ओर से एक गोल वेंकटेस ने किया।

सहायक खेल अधिकारी अयोध्याशरण शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि दूसरा मैच ए.एस.सी.बी. जालंधर एवं विजय ग्रुप ए.सी.डी. चण्डीगढ के बीच खेला गया। यह मैच भी काफी रोमांचक रहा लेकिन मैच में जालंधर की टीम ने लगातार बढत बनाये रखी और जलंधर के खिलाडियों एक के बाद एक छह गोल करते हुये मुकाबला 6-2 से अपने नाम किया। जालंधर की टीम से रोविन ने दो गोल, परमजीत, सूरज, प्रभदीप, मनीश ने एक-एक गोल किया वहीं विजय ग्रुप की टीम से रवि और हिमांशु ने एक-एक गोल किया।

आज के मैच

सहायक खेल अधिकारी जीतेन्द्र यादव ने जानकारी देते हुये बताया कि अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्णकप हॉकी प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस 5 दिसंबर को पहला मैच दोपहर 12 बजे आर्मी इलेवन न्यू दिल्ली और एन.सी.ओ.ई. लखनउ के बीच खेला जायेगा। वहीं दूसरा मैच दोपहर 2 बजे से सांई मणिपुर एवं आर.सी.एफ. कपूरथला के बीच खेला जायेगा।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 02, वार्ड क्रं 10, स्थान कोटेश्वर कॉलोनी ग्वा0 मे स्थित है जो कि रमेश सिंह धाकड/मनफूल धाकड के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000183641 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-10102501487028 दिनांक 10.10.2025 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द नौमहला क्षे.क्र 02, पर दिनांक 28.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 61/2010/57704/57914 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04.12.2025

आवेदक-नरेन्द्र सिंह/राजेन्द्र सिंह, पता-कोटेश्वर कॉलोनी ग्वा0 मो0-9455742546

नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.11.2025 के नवभारत समाचार पत्र में क्षेत्र क्रं 16 वार्ड 41 की विज्ञप्ति में आई.डी क्रं 1002876375 भूलवस लिख गया है। अतः जिसे आई.डी क्रं 1002878375 पडा जावे बाकी सब यथावत है।

आवेदक- नितिन आईलानी/हरीशकुमार आईलानी, पता-विच्छूरकर की गोठ ग्वा0, मो0-9329761434

वेंडी स्कूल जूनियर कॉलेज का वार्षिक उत्सव आयोजित

ग्वालियर , 4 दिसम्बर । वेंडी स्कूल जूनियर कॉलेज का 39 वाँ वार्षिक दिवस आज गुरूवार को अटल बिहारी ऑडिटोरियम में अत्यंत भव्यता, उत्साह और सृजनात्मकता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर गोपाल श्रीधर का स्वागत विद्यालय के चेयरपर्सन विजय कुमार बेरी तथा विद्यालय की डायरेक्टर मैडम ने किया। कार्यक्रम के अगले चरण में छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं. नन्हे बच्चों के मनमोहक नृत्य ने अपनी मधुरता और ताल-लय से उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के लोगो को 'विकास का प्रतीक' स्वरूप विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया।

एसआईआर गणना पत्रकों की मैपिंग व डिजिटाइजेशन का शेष कार्य तेजी से पूर्ण करें

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 4 दिसम्बर । शेष गणना पत्रक संकलित कर इन गणना पत्रकों की मैपिंग एवं डिजिटाइज्ड करने का काम तेजी से करें, जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूर्ण हो सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रुचिका चौहान ने केआरजी कॉलेज में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत स्थापित मतदाता सहायता केन्द्र के निरीक्षण के दौरान दिए। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय भी उनके साथ थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जिले के निवासियों से भी आग्रह किया है कि वे एसआईआर कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आप सब के क्षेत्र के जिन मतदाताओं ने अभी तक गणना पत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए हैं, उन्हें बताएं कि गणना पत्रक जमा नहीं किए तो आप के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाएंगे।

इस अवसर पर उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित किया। साथ ही स्थानीय निवासियों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय महत्व के एसआईआर कार्य में संलग्न बीएलओ का सम्मान व सहयोग करें।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 18 भितरवार ईएफ डिजिटाइजेशन में जिले में अग्रणी है। भितरवार विधानसभा क्षेत्र में अब तक 100 प्रतिशत ईएफ डिजिटाज्ड किए जा चुके हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 14 ग्वालियर ग्रामीण में 94.36 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 15 ग्वालियर में 99.98 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 16 ग्वालियर पूर्व में 89.73 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र 17 ग्वालियर दक्षिण में 88.77 प्रतिशत एवं विधानसभा क्षेत्र 19 डबरा में गुरुवार को शाम 6.20 बजे तक 96.31 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज्ड कर लिए गए हैं।

इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी

ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

जाहीर फेर ई निविदा सूचना क्र. ८/२०२५-२०२६

आरोग्य विभागाकडील कामाची जाहीर फेर ई निविदा क्रं. ८/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. ५/१२/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
उपायुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका

परिशिष्ट ट
प्रारूप -ण
(नियम 22(क)(6) देखिए)
धारा 30 (क) के अधीन भू- खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना
क्रमांक GWLLP-19112542220/ दिनांक/02/DEC/2025
क्र./1866 नग्रानि/ Gwalior दिनांक 02/DEC/2025

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (**VINITA SIKARWAR W/O SANTOSH SINGH SIKARWAR** जो नगर/ग्राम **Goshpura** के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक **694/03688NIGRANI/2009** दिनांक 2009-04-27 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित **RESIDENTIAL, RESIDENTIAL- SEMI DETACHED** प्रयोजन के भूखण्ड क्रमांक 16, 17 को स्वामी है, और श्री/श्रीमती/ मेसर्स (**VINITA SIKARWAR W/O SANTOSH SINGH SIKARWAR** जो नगर Gird ग्राम Goshpura खसरा क्रमांक **Plot No. 16 Plot No. 17** में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्र.**694/03688NIGRANI/2009**दिनांक 2009-04-27 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित **RESIDENTIAL, RESIDENTIAL- SEMI DETACHED** प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर/ग्राम भू-खण्ड आदेश क्रमांक रकबा 0.01759भूमि जिसका भूमि उपयोग **RESIDENTIAL, RESIDENTIAL** के प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर /ग्राम Goshpura खसरा क्र. **Plot No. 16 Plot No. 17** रकवा 0.01759 भूमि उपयोग **RESIDENTIAL**है के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू-खण्ड / भू- खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://alpass.mp.gov.in/web/objection.aspx?refApp=MmFfUti81866 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website:https://alpass.mp.gov.in/web/ulogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालकव्ह नगर तथा ग्राम निवेश ग्वालियर (म.प्र.)

उत्तर मध्य रेलवे

No. JHS/W/DO/misc/LC-434(T) **दिनांक- 03.12.2025**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-धौलपुर रेल मार्ग पर रायरू यार्ड में स्थित रेलवे फाटक क्र. 434 (T) रेलवे किमी Km 1238/8-10 को अनुरक्षण कार्य हेतु दिनांक 05.12.2025 से 09.12.2025 तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु रेलवे फाटक न. 434 बरूआ गांव से लगभग 2.0 km दूर डायवर्ट कर रायरु हाइवे बायपास रेलवे किमी 1240 / 4-6 का उपयोग किया जा सकता है।

वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/उत्तर
2341/25 (D) **उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPN.

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills Bhopal 462011,
(M.P.)- Telephone No. : 0755- 4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
No. : 8872/PROC/MPBDC/2025/EMPANELMENT OF SPORTS INFRASTRUCTURE PLANNER, Bhopal, Dated : 04.12.2025

NOTIFICATION FOR EMPANELMENT OF SPORTS INFRASTRUCTURE PLANNERS

M.P. Building Development Corporation (MPBDC), Bhopal, invites application from Individual Experts for the Empanelment of Sports Infrastructure Planners in MPBDC. Eligibility Criteria, procedure and other relevant details will be available for viewing and downloading exclusively on the **www.mpbdc.gov.in**, under the "RECRUITMENT" section, specifically for "Empanelment of Sports Infrastructure Planners". This information will be accessible from 05.12.2025 (18:00 hrs.) to 02.01.2026 (18:00 hrs), which is the last date for submission of APPLICATION.

Any corrigendum or amendment to this notice will be published solely on the above mentioned website. Applicants are advised to regularly check the website for updates during the specified period.

M.P.Madhyam/123354/2025 **MANAGING DIRECTOR**

ग्वालियर में महालक्ष्मी वरदान दिवस का ऐतिहासिक आयोजन

नवभारत न्यूज

शहर में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की जिला इकाई ने किया कार्यक्रम

ग्वालियर, 4 दिसंबर । शहर में महालक्ष्मी वरदान दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भावनाओं और दिव्यता के साथ हुआ। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में अग्र बंधु और श्रद्धालु एकत्र होकर अपनी कुलदेवी माता महालक्ष्मी के दिव्य आशीर्वाद की अनुभूति प्राप्त करने पहुंचे।

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की ग्वालियर जिला इकाई द्वारा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्वान पंडितों द्वारा महालक्ष्मी जी का पूजन एवं अभिषेक करने के साथ शुरु हुआ। तत्पश्चात पंडित राघवेश शर्मा ने महालक्ष्मी जी की कथा का वाचन किया जिसमें महालक्ष्मी माता के स्वरूप, उनकी कृपा और महाराजा अग्रसेन जी के तप की पावन गाथा का सुंदर वर्णन किया गया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य माता लक्ष्मी की आरती सम्पन्न हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। सभी श्रद्धालु भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखाई दिए। इस आयोजन का मुख्य केंद्र रहा वह दिव्य खजाना, जिसे विशेष वैदिक मंत्रों के द्वारा अभिमंत्रित किया गया। यह पवित्र खजाना अग्रबंधुओं के लिए सौभाग्य, समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। विधिपूर्वक अभिमंत्रण के बाद हजारों श्रद्धालुओं, जिनमें कई शहरों से आए आगंतुक भी सम्मिलित थे, को यह खजाना प्रदान किया गया। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया और कहा कि यह आयोजन वास्तव में अद्वितीय और अविस्मरणीय रहा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में द कॉन्फिडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के मध्यप्रदेश चेयरमैन आशीष वैश्य,अखिल भारतीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष राजेश एरन मौजूद रहे.

इनका कहना है...



समाज के प्रत्येक परिवार तक समृद्धि और सौहार्द का संदेश पहुँचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, भक्ति, उत्साह और सौहार्द्र का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थल पर दिनभर सकारात्मक ऊर्जा और माता महालक्ष्मी के जयकारे गूंजते रहे। समाज के युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ सदस्यों और बच्चों सभी ने मिलकर आयोजन को भव्य और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

- डॉ राकेश अग्रवाल, प्रदेशाध्यक्ष

महालक्ष्मी वरदान दिवस केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की सांस्कृतिक विरासत और एकता का प्रतीक है। महालक्ष्मी वरदान दिवस का महत्व इसलिए और भी विशेष है क्योंकि समाज की प्रचलित परंपराओं के अनुसार इसी दिन महाराजा अग्रसेन जी को देवी महालक्ष्मी ने यह दिव्य वरदान प्रदान किया था कि मैं सदा तुम्हारे कुल में निवास करूंगी। इस पावन वरदान के कारण ही माता महालक्ष्मी अग्रवाल समाज की कुलदेवी के रूप में पूजित और वंदित हैं।

- ज्योति अग्रवाल,महिला विंग अध्यक्ष



ग्वालियर जिला इकाई द्वारा आयोजित महालक्ष्मी वरदान दिवस न केवल अग्रवाल समाज के लिए गौरव का विषय बना, बल्कि इससे समाज की आध्यात्मिक शक्ति, एकता और सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊँचाइयाँ प्राप्त हुईं। यह कार्यक्रम आने वाले वर्षों के लिए एक उत्कृष्ट और प्रेरणादायक उदाहरण बनकर रहेगा।

- रवि गर्ग, जिला अध्यक्ष

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

(Government of M.P. Undertaking)
Office of Dy. General Manager (STC) City Division, Gwalior
E-mail : eestcgwalior@gmail.com

NOTICE INVITING E-TENDERS

Online E-Tenders are invited from eligible bidders for following electrical works :-

Tender Specification	Name of Work & Services Contract	Approx. Value (In Lakh)	Tender Document Fee (In Rs.)
DGM/STC/city/25-26/4096 GWALIOR Dated : 01.12.2025	Strengthening of system by LT Cable augmentation work at various location under Baradari zone City Division (East) Gwalior.	4.22	590/-
DGM/STC/city/25-26/4097 GWALIOR Dated : 01.12.2025	Strengthening of system by LT Cable augmentation work at various location under Maharaj pura zone Division (East) Gwalior.	7.91	1180/-

Date of sale of Bid Documents : 02.12.2025, 10.00 Hrs. Up to 10.12.2025, 13.00 Hrs.
Bid Submission Last Date : 10.12.2025 Up to 14.00 Hrs.
Bid Opening Date : 11.12.2025 at 15.00 Hrs.
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123341/2025 **DGM (STC) CITY GWALIOR**

रोज वैली की संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति

[अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ (सेवानिवृत)]
कमरा नं. 401 एवं 402, चौथी मंज़िल, 5, मैंगो लेन, कोलकाता 700001

रोज वैली समूह की कंपनियों के जमाकर्ताओं (डिपॉज़िटर) हेतु सूचना (नोटिस)

रिट याचिका सं. 2016 की 27005
कालीपद पाल एवं अन्य
बनाम
भारत का संघ एवं अन्य
और
रिट याचिका सं. 2015 की 275
रोज वैली रियल इस्टेट एंड कंस्ट्रक्शन लि. एवं अन्य
बनाम
पश्चिम बंगाल राज्य एवं अन्य

माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय के तारीख 11 मई, 2015 के आदेश के अनुसार, माननीय न्यायमूर्ति दिलीप कुमार सेठ (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति का गठन किया गया था। माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तारीख 21 सितम्बर, 2023 का आदेश जारी करके यह निदेश दिया था कि एक वेबसाइट बनाई जाए, जिसके जरिए रोज वैली के जमाकताओं (डिपॉज़िटर) से दावे मंगवाए जाएं और साथ ही अन्य जरूरी जानकारी जमाकताओं के लिए इस वेबसाइट पर डलवा दी जाए।

माननीय समिति ने 18 मार्च, 2024 को यह निदेश दिया है कि :

संपत्तियों आदि की बिक्री संबंधी समिति की वेबसाइट (www.rosevalleyadc.com) शुरू हो गई है । जमाकताओं से अनुरोध है कि वे इस वेबसाइट पर अपने दावे प्रस्तुत करें। दावा प्रस्तुत कैसे करना है, इसकी जानकारी इस वेबसाइट पर दी हुई है। सभी जमाकताओं से अनुरोध है कि वे इस वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार ही अपने दावे प्रस्तुत करें वेबसाइट पर प्रस्तुत किए गए दावों का सत्यापन करने और उनकी जाँच करने के बाद ही जमाकताओं को भुगतान किया जाएगा।

आदेश द्वारा

स्थान: कोलकाता
दिनांक: 03 नवंबर, 2025

CBC 15204/11/0191/2526

बहन की शादी में जमकर थिरके बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन

ग्वालियर 4 दिसम्बर. अपनी बहन की शादी में बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन जमकर थिरके। परिजनों के साथ कार्तिक ने डांस और मस्ती की। आज रात में होटल ताज ऊषाकिरण में यह शादी समारोह हुआ। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी बहन कृतिका तिवारी की शादी में शामिल होने के लिए ग्वालियर पहुंचे हैं। शहर के उषा किरण पैलेस में कड़ी सुरक्षा और गोपनीय तरीके से कृतिका की शादी की रस्में हुई। इस दौरान कार्तिक बहन के साथ जमकर नाचते और जश्न मनाते नजर आए। शादी समारोह पूरी तरह प्राइवेट रखा गया, जिसमें सिर्फ करीबी रिश्तेदार और खास मेहमान ही शामिल हो रहे हैं। हल्दी के दौरान कार्तिक ने भाई की सभी रस्में निभाई और परिवार के साथ भावुक पल भी साझा किए। कार्तिक आर्यन का बचपन ग्वालियर में ही बीता है और वे अक्सर अपने होमटाउन आते रहते हैं। बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने के बावजूद वे ग्वालियर से अपना जुड़ाव बनाए रखते हैं और यहां के स्ट्रीट फूड व खास जगहों पर घूमना पसंद करते हैं। कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन समीर विध्वंस कर रहे हैं, जिन्होंने पहले कार्तिक की फिल्म सत्य प्रेम की कथा का निर्देशन किया था। फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें अनन्या पांडे भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 08 वार्ड क्रमांक 19 भवन क्रमांक... स्थान जडेरूँआ में स्थित है जो श्रीमती सुमन राजपूत/सोबरन सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000094101 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए1/273 दिनांक 30/3/2011 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ... पर दिनांक... को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक... है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-12-2025
आवेदक का नाम/पता
मनीषा /अशोक सिंह सैंगर
पता : जडेरूँआ, ग्वालियर, म.प्र
मों : 9873158290

आम सूचना

श्रीमती राजो देवी पत्नी श्री श्याम सुंदर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड स्थित नाहर रोड, ग्राम गदाईपुरा, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.15 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-धर्मशाला मेदोबाई, पश्चिम में-भवन अवध सिसौदिया, उत्तर में-भवन दीगर एवं दक्षिण में-रास्ता है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री सुरेन्द्र शर्मा पुत्र श्री खेमराम शर्मा, श्रीमती गुड्डी बाई पत्नी श्री सुखलाल शर्मा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। 1. श्री सुरेन्द्र शर्मा, 2. श्रीमती गुड्डी बाई द्वारा उक्त सम्पति 1. श्री प्रदीप त्यागी पुत्र श्री रामलखनलाल त्यागी, 2. श्री विनोद त्यागी पुत्र श्री भीखाराम त्यागी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602017ए1340111 दिनांक 21.06.2017 से विक्रय की गई। श्री प्रदीप त्यागी का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्रीमती प्रतिमा त्यागी पत्नी स्व. श्री प्रदीप त्यागी, कोमल (नाबालिग), भूमि (नाबालिग) पुत्रियां स्व. श्री प्रदीप त्यागी, शुभा त्यागी (नाबालिग) पुत्र स्व. श्री प्रदीप त्यागी उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। 1. श्री विनोद त्यागी, 2 श्रीमती प्रतिमा त्यागी, 3. कोमल (नाबालिग), 4. भूमि (नाबालिग), 5. शुभा त्यागी (नाबालिग) सरपरस्त माँ श्रीमती प्रतिमा त्यागी द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती राजो देवी पत्नी श्री श्याम सुंदर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602021ए1043743 दिनांक 13.01.2017 से विक्रय की गई। उक्त सम्पति से सम्बन्धित वर्ष 2017 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्रीमती राजो देवी द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री प्रदीप त्यागी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2017 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती चाँदनी श्रीवास पत्नी श्री दिनेश सेन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड क्र. 133, स्थित अटल गेट के पास, ग्राम खेरियाभान, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.64 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.86/मिन-1, 86/मिन-2, 95/मिन-1 एवं 95/मिन-3 ग्राम खेरियाभान का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड क्र. 140 करन सिंह पाल, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड क्र.134 तोमर एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र. 132 मनोज एवं मुकेश है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्रीमती गीता अग्रवाल पत्नी श्री भरतलाल अग्रवाल एवं श्री प्रवेश अग्रवाल पुत्र श्री रामेश्वर दयाल अग्रवाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती गीता अग्रवाल द्वारा सम्पति 0.418 हैक्टेयर गोवर्धन डेवलपर्स जर्ये पार्टनर श्री भूपेन्द्र सिंह पुत्र श्री कुलवंत सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602018ए1668959 दिनांक 28.09.2018 से विक्रय की गई। गोवर्धन डेवलपर्स जर्ये पार्टनर श्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती चाँदनी श्रीवास पत्नी श्री दिनेश सेन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602020ए1663733 दिनांक 15.10.2020 से विक्रय की गई। श्रीमती चाँदनी श्रीवास द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती देवकी कुशवाह पत्नी श्री पित्या सिंह कुशवाह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती देवकी कुशवाह द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

एमबी पॉवर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (''एमपीईआरसी''), भोपाल ने अपनी आदेश दिनांक 27.11.2025 के तहत याचिका संख्या 23/2025 में एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड के अनुपपुर थर्मल पावर परियोजना (''प्रोजेक्ट'') के फ्लू-गैस डीसल्फ्युराइजेशन सिस्टम (''एफजीडी'') के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 से वित्तीय वर्ष 2028-29 का बहुवर्षीय पूरक टैरिफ निर्धारित किया है, जिसका सारांश निम्नलिखित है :- **(रूपये करोड़ में)**

सं क्र.	विवरण	वित्तीय वर्ष 2024-25 यूनिट-1 01.04.2024 से 31.05.2024	वित्तीय वर्ष 2024-25 यूनिट-1 और 2 01.06.2024 से 31.03.2025	वित्तीय वर्ष 2025-26	वित्तीय वर्ष 2026-27	वित्तीय वर्ष 2027-28	वित्तीय वर्ष 2028-29
1	अंश पूंजी पर प्रतिलाभ	13.94	27.32	27.32	27.32	27.32	27.32
2	अवमूल्यन / अवक्षयण	20.19	42.38	42.38	42.38	42.38	42.38
3	ब्याज और ऋण पूंजी	27.89	58.42	54.34	49.89	45.44	40.99
4	प्रचालन और संधारण व्यय	7.26	14.71	15.49	16.30	17.16	18.07
5	कार्यशील पूंजी पर ब्याज	1.68	3.44	3.42	3.38	3.36	3.34
6	पूरक वार्षिक क्षमता (निश्चित) शुल्क (एएफसी)	70.97	146.28	142.95	139.29	135.67	132.11
7	परियोजना की स्थापित क्षमता के 30% के अनुरूप पूरक एएफसी	21.29	43.88	42.89	41.79	40.70	39.63
8	संचालन में दिनों की संख्या	61	304	365	365	366	365
9	**संचालन के दिनों की संख्या के लिए पूरक एएफसी**	**3.56**	**36.55**	**42.89**	**41.79**	**40.70**	**39.63**
10	**पूरक ऊर्जा शुल्क प्रभार (रु./इकाई)**	**0.046**	**0.046**	**0.046**	**0.046**	**0.046**	**0.046**

विस्तृत आदेश वेबसाइट www.mperc.nic.in पर उपलब्ध है।

अभिषेक गुप्ता
(वाईस प्रसीडेंट)

दिनांक: 04.12.2025 **एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड**